अमर उजाला

नई दिल्ली, रविवार, 04/12/2022, पृष्ठ-8

अब मां से बच्चों को नहीं होगा हेपेटाइटिस, अभियान शुरू

नई दिल्ली। गर्भवती महिलाओं से बच्चों में होने वाली खून की कमी की समस्या (हेपेटाइटिस) को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने वसंत कुंज स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एवं बिलियरी साइंस संस्थान (आईएलबीएस अस्पताल) ने अभियान की शुरुआत की है। इस संबंध में अस्पताल के निदेशक डॉ. एसके सरीन ने कहा कि इसका मकसद लोगों में गर्भवती महिलाओं से उनके बच्चों को होने वाले हेपेटाइटिस की रोकथाम करना है। वहीं, परिवार कल्याण विभाग की निदेशक डॉक्टर वंदना ने कहा कि हेपेटाइटिस को मात दे चुकी 100 माताएं इस अभियान की अंबेसडर बनेंगी। ये लोगों के बीच जाकर लोगों को जागरूक करेगी। ब्यूरो

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार, 04/12/2022, पृष्ठ-8

हेपेटाइटिस-बी पर कैंपेन की शुरुआत

■ **विस, नई दिल्लीः** गर्भावस्था के दौरान मां से बच्चों में हेपेटाइटिस-बी ना पहुंचे, इसके लिए womb यानी विनिंग ओवर मदर्स विद हेपेटाइटिस-बी कैंपेन शुरू किया गया। 25वें हेपेटाइटिस डे के मौके पर आईएलबीएस अस्पताल में दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने कैंपेन लॉन्च किया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. के. सरीन ने कहा, अभियान का मकसद लोगों में प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं से बच्चों को होने वाले हेपेटाइटिस की रोकथाम की जानकारी देना है। परिवार कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना ने कहा कि हेपेटाइटिस को मात दे चुकी 100 माएं इस अभियान की एंबैसडर बनेंगी।